कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 11.07.2025

विषय:- थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा टोटो/ई-रिक्शा चोरी की घटना का सफल अनावरण, शातिर चोर सोनू गुप्ता चोरी गयी टोटो के साथ गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 183/25 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए चुराई गयी टोटो के साथ वांछित अभियुक्त सोनू गुप्ता पुत्र गणेश गुप्ता निवासी भूतिविशुनपुर थाना सोनबरसा सीतामढी बिहार को आज दिनांक 11.07.2025 को समय करीब 13.05 बजे बघवानाला के पास से गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक 10.07.2025 को वादी मुकदमा ने अज्ञात द्वारा घर के पास खड़ा टोटो/ई-रिक्शा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ.नि. प्रवीण कुमार सचान द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अभियुक्त सोनू गुप्ता पुत्र गणेश गुप्ता निवासी भूतिविशुनपुर थाना सोनबरसा सीतामढी बिहार उम्र करीब 24 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

बघवानाला के पास से, दिनांक- 11.07.2025 को समय करीब 13.05 बजे।

बरामदगी का विवरण-

टोटो / ई रिक्सा रजिस्ट्रेशन नं0 UP 65 NT 1748

इंजन नं. 2303082583, चेचिस नं. MA1LP2DC3P5K95523

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 469/24 धारा 303(2), 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 470/24 धारा 303(2), 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 471/24 धारा 303(2), 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. मु0अ0स0 651/21 धारा 34, 379, 411, 419, 420 भा.द.वि. थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
5. मु0अ0सं0 653/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
6. मु0अ0सं0 733/21 धारा 3(1) यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
7. मु0अ0सं0 193/25 धारा 303(2),317(2),317(4) बीएनएस थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, उ.नि. प्रवीण सचान,उ0नि0 करूणाशील, का0 अमरेश यादव, का0 अजय कुमार यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।